

# बूथ लेवल आफिसर ई-पत्रिका



खंड ६, मई २०२३




आप क्लिक करते ही एनीमेशन सजीव हो उठते हैं और वोटर हेल्पलाइन, सी–विजिल, सक्षम, और १९५० जैसे प्रत्येक एप्लीकेशन को निरूपित करने वाले सजीव किरदारों में रूपांतरित हो जाते हैं।






मतदाता पंजीकरण स्थिति की जांच करना: नागरिक अपने मतदाता पंजीकरण विवरण, पोलिंग बूथ के लोकेशन के साथ, का सत्यापन कर सकते हैं।

निर्वाचक नामावली में नाम ढूंढना: उपयोग. कर्ता निर्वाचक नामावली में अपना नाम ढूंढ सकते हैं और अपने निर्वाचन–क्षेत्र और मतदान केंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

शिकायत दाखिल करना: उपयोगकर्ता चुनावी कुरीतियों, उल्लंघनों, या चुनावों के दौरान पेश आ रही किन्हीं समस्याकओं के बारे में शिकायतें दाखिल कर सकते हैं।




वोटर आईडी के लिए आवेदन करना: यह ऐप नागरिकों के लिए नए वोटर आईडी कार्ड के लिए या अपने मौजूदा आईडी कार्ड में सुधार करने के लिए आवेदन करने का एक मंच उपलब्धे कराता है।




चुनावी एफएक्यूए: यह एप चुनावी प्रक्रिया से संबंधित प्रश्नों के उत्तुर उपलब्ध्‍ कराता है।




नागरिक साथियों,
आप सभी का अभिवादन।
मैं आपका सतर्क रक्षक, सी–विजिल हूं।
सी–विजिल ऐप आपको इस बात के लिए समर्थ बनाता है कि आप आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लं घन की सूचना दें। आपके साथ मिलकर हम फोटो, वीडियो लेकर, या ऑडियो साक्ष्य, एकत्रित करके चुनावों की सत्ययनिष्ठा की रक्षा कर सकते हैं। आपकी पहल से फर्क पड़ेगा!
गुमनामीरू ऐप यह सुनिश्चित करता है कि शिकायत प्रस्तुरत करते समय उपयोगकर्ता गुमनाम रहे ताकि शिकायतकर्ता की सुरक्षा और निजता बरकरार रहे।
उल्लंघन की रिपोर्ट करें: नागरिक चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के किसी भी कदाचार या उल्लंघन की तस्वीरें, वीडियो कैप्चर करने या ऑडियो रिकॉर्ड करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं।
Click! Click!
रियल टाइम मानीटरिंग: सी–विजिल ऐप के माध्यम से दाखिल शिकायतों पर संबंधित प्राधिकारियों द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।





मेरे इंटरफेस को उपयोगकर्ता के और अधिक अनुकूल बनाया गया है जिसमें उपयोगकर्ता स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टु स्पीच सर्विस, सुस्पेष्टताओं, कलर एडजस्टगमेंट आदि के जरिए ऐप में नेविगेट कर सकते हैं। यहां मेरी विशेषताएं दी गई हैं।



# सक्षम ऐप की विशेषताएं

1. नए मतदाता पंजीकरण के लिए अनुरोध
2. दिव्यांगजनों के रूप में चिह्नित करने के लिए अनुरोध
3. स्थानांतरण के लिए अनुरोध
4. शुद्धि के लिए अनुरोध
5. नाम हटा दिए जाने के लिए अनुरोध
6. निर्वाचन (आधार) प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध
7. वस्तुस्थिति का पता–ठिकाना बताना
8. दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के बारे में जानना
9. व्हील चेयर के लिए अनुरोध
10. पिक एण्ड ड्रॉप के लिए अनुरोध
11. हमसे सम्पर्क करें
12. सहायता के लिए अनुरोध
13. निर्वाचक नामावली में अपना नाम ढूंढ़ना
14. अपने मतदान केंद्र को जानना
15. बूथ लोकेटर
16. अपने उम्मीदवारों को जानें
17. शिकायतें दर्ज करना
18. आलेख पढ़नाध्देखना
19. अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
20. गैलरी, सुगम्यता संबंधित ऑडियोध्वीडियो







बीएलओ उत्सुक लोगों के सामने खड़े हैं जो अभी भी आयोग के एप्लीकेशनों के जीवंत प्रदर्शन से चकित हैं। ग्रामवासी अपने ज्वलंत प्रश्नों को पूछते हुए उत्सुकतापूर्वक हाथ उठाए हुए हैं।




वोटर हेल्पलाइन ऐप ऐसे निरक्षर नागरिकों की किस प्रकार सहायता कर सकता है जो स्मार्टफोन नहीं चला सकते हैं?
यह विचारणीय बात है। वोटर हेल्पलाइन ऐप ”सुगम्य मतदाता पर्ची“ नामक विशेषता के साथ आता है जिससे मेरे जैसे बूथ लेवल अधिकारी सभी जरूरी सूचना वाली मुद्रित मतदाता पर्ची तैयार करने में सक्षम हो पाते हैं।
हम ये पर्चियां निरक्षर नागरिकों को वितरित कर सकते हैं जिससे उनके लिए अपने पोलिंग बूथ विवरण और मतदान कार्यक्रम के बारे में जानना अधिक आसान हो जाता है।
Election Commission of India
Issuing Authority ERO (NAJAFGARH) NCT Of Delhi
वोटर हेल्पलाइन ऐप की विशेषताएं
VOTER HELPLINE
DOWNLOAD
ELECTION
SEARCH RESULTS


तब क्या होगा जब कोई व्यक्ति किसी पर गलत आरोप लगाने के लिए सी–विजिल ऐप का दुरुपयोग करने की कोशिश करता है?


उचित प्रश्न! सी–विजिल ऐप चुनाव की सत्यनिष्ठा बनाए रखने पर जोर देता है। प्राप्त प्रत्येक शिकायत निर्वाचन प्राधिकारियों और सम्पूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से गुजरती है। गलत आरोपों पर दण्ड दिया जा सकता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ऐप का जिम्मेदारी के साथ उपयोग किया जाए।
आप निश्चिंत रहे, प्रत्येक शिकायत पर अत्यंत गंभीरतापूर्वक और सूझबूझ के साथ कार्रवाई की जाती है।
सी–विजिल ऐप इस्तेमाल करने के कदम
Account Verification
Photo & Video
PHOTO
VIDEO
Auto Location Captured
Status








निर्वाचनों के दौरान सक्षम ऐप दिव्यांगजनों की मदद करना जारी रखता है। यह रैम्प, व्हीलचेयर उपलब्धता, और ब्रेल संकेतक जैसे सुविधाओं से युक्त सुगम्य मतदान केंद्र ढूंढने में भी मदद करता है जिससे सुचारू एवं बाधारहित पंजीकरण सुनिश्चित होता है।


मैंने हेल्पलाइन नं. १९५० के बारे में सुना है। एक मतदाता के रूप में यह मेरी किस प्रकार सहायता कर सकता है?
अरे भई, हमने इसके बारे में अभी तक विचार–विमर्श नहीं किया हैय
1950
हेल्पलाइन नं. १९५० निर्वाचन संबंधी आपके सभी प्रश्नों के लिए निर्वाचन आयोग के लिए आपकी डायरेक्ट लाइन है। जब आप कॉल करते हैं तो आप एक से अधिक भाषाओं में तत्काल सहायता की उम्मीद कर सकते हैं। सुप्रशिक्षित टीम पंजीकरण, पोलिंग लोकेशन, उम्मीदवारों के विवरण के बारे में सूचना उपलब्ध करा सकती है और आपकी चाहे कोई भी शिकायत हो उसका निवारण कर सकती है। वे वहां इसलिए हैं कि आपकी आवाज सुनी जाए और संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आपकी मदद की जाए।
समर्पित हेल्पलाइन: हेल्पलाइन नागरिकों को सहायता, स्पष्टीकरण, या निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में डायरेक्ट लाइन की सुविधा उपलब्ध कराता है।
२४७ उपलब्धता: हेल्पलाइन चौबीसों घंटे काम करता है ताकि नागरिक किसी भी समय प्रश्नों का उत्तर पाने या सहायता प्राप्त करने के लिए सम्पर्क कर सके।
विशेषज्ञ मार्गदर्शन: हेल्पलाइन पर मतदाता पंजीकरण, मतदाता केंद्र तथा और भी बहुत कुछ के बारे में सटीक एवं विश्वसीय जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित पेशेवर व्यक्ति उपलब्ध रहते हैं।
मैं इसे जल्द ही सुलझा लूंगा
ओह एक और शिकायत


# आयोग के ऐप्लीकेशनों को डाउनलोड करने के कदम

अपने स्मार्टफोन में ऐप स्टोर को खोलें।
एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए यह गूगल प्लेस्टोर है, और आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए यह ऐप स्टोर है।










यदि आप को ऐप ढूंढने में परेशानी हो रही हो तो चिंता की कोई बात नहीं! आप इस एप्लीकेशन को सीधे निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं। सिर्फ https://eci.gov.in/ पर विजिट करें "और मोबाइल ऐप्स" सेक्शन की तलाश करें। आप को वहां डाउनलोड लिंक्स मिल जाएंगे। साथ ही, यह ऐप्लिकेशन ठीक तरीके से काम कर सके, इसके लिए इंटरनेट कनेक्शन भी जरूरी है। यह सुनिश्चित करें कि इनका इस्तेमाल करते समय आप के पास एक्टिव डाटा कनेक्शन हो या आप वाई–फाई नेटवर्क से जुड़े हों।

